यदि मुझे अच्छी तरह से अंग्रेज़ी बोलनी नहीं आती हो, तो अपने बच्चे के शिक्षक से कैसे बात करूं?

- बहुत से स्कूलों के शिक्षा बोर्डों में बहु-संस्कृति संपर्क कार्यकर्ता (Multicultural Liaison Workers) और/अथवा व्यवस्थापन कार्यकर्ता (Settlement Workers) के तौर पर बहु-भाषा स्टाफ आपकी सहायता के लिए मौजूद होता है। शिक्षक से अप्वाइंटमेंट लेकर इनमें से किसी एक को अपने साथ चलकर मदद करने का अनुरोध करें। इस अप्वाइंटमेंट के लिए समय पर पहुंचना महत्वपूर्ण है।
- स्थानीय आप्रवासी सेवा ऐजेंसियों के पास भी ऐसा स्टाफ होता है जो आपकी मदद कर सकता है।
- पेरेन्ट्स नाइट्स, पेरेंन्ट-टीचर सम्मेलनों एवं स्कूल द्वारा उपलब्ध कराए जाने वाले अन्य आयोजनों में जाएं; वहां पर आपको समझने में मदद करने और आपके प्रश्नों एवं चिंताओं को दूसरों तक पहुंचाने में सहायता के लिए बहु-भाषा स्टाफ मौजूद होता है।

VSB

"Parent Questions and Answers"

[Hindi]

यह ब्रोशर वैनकूवर स्कूल बोर्ड के सैटलमेंट वर्कर्ज़ (VSB SWIS) द्वारा प्रायोजित किये गए कई ब्रोशरों में एक है। इसकी रचना कुछ ई.एस.एल. (ESL/ELL) शिक्षकों तथा वैनकूवर स्कूल बोर्ड के मल्टीकल्चरल लिएजों वर्कर्ज़ (VSB MCLW) ने की है।

Canada | British Columbia | WelcomeBC

यह ब्रोशर कनाडा और ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत की सरकार से धन के माध्यम से संभव बनाया गया है।

माता-पिता प्रश्नोत्तर



आमतौर पर पूछे जाने वाले प्रश्नों के उत्तर



मेरे बच्चे को ई एस एल (ESL/ELL) सहायता क्यों दी जा रही है?

- जब छात्रों को ग्रेड स्तर की अपेक्षाओं को पूरा करने लायक अंग्रेज़ी नहीं आती, तो उन्हें ई एस एल सहायता प्रदान की जाती है।
- ई एस एल शिक्षकों द्वारा अंग्रेज़ी और अकादमिक पाठ्यक्रमों की विशेष शब्दावली, जिसे छात्र भविष्य में पढ़ेंगे, दोनों ही पढ़ाए जाते हैं।
- प्राथमिक अंग्रेज़ी संप्रेषण कौशल को सीखने में 2 वर्ष तक का समय लग सकता है।
- पाठ्यपुस्तकों की भाषा सीखने में 5 वर्ष से भी अधिक समय लग सकता है, 'कठोर' परिश्रम करने से यह समय कम नहीं हो जाएगा। अकादमिक अंग्रेज़ी सीख रहे छात्र पहले ही बहुत परिश्रम कर रहे होते हैं।

मेरे बच्चे के लिए सर्वोत्तम स्कूल कौन सा है?

- आपके बच्चे के लिए सर्वोत्तम स्कूल वह है, जो आपके पड़ोस में हो, ताकि आपका बच्चा आसानी से मित्र बना सके।

समय पर स्कूल न पहुंचने के क्या-क्या नुकसान हैं?

- छात्र कक्षा के निर्देशों और गृहकार्य संबंधी जानकारी से वंचित रह सकता है।
- छात्र स्कूली क्रियाकलापों के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी से वंचित रह सकता है।
- ऐसा करना दूसरे छात्रों और शिक्षकों के लिए सम्मानजनक नहीं होगा।
- समय पर नौकरी पाने के लिए, एक अच्छी आदत है समय पर स्कूल पहुंचना।

मेरे बच्चे को अधिक गृहकार्य क्यों नहीं मिलता?

- कृपया गृहकार्य संबंधी ब्रोशर देखें।

मेरे बच्चे को शारीरिक शिक्षा (PE) और ललित कला (Fine Arts) लेने क्यों जरूरी हैं?

- शारीरिक शिक्षा और ललित कला पाठ्यक्रम अनिवार्य हैं(शिक्षा मंत्रालय)।
- अनुसंधान दिखाते हैं कि जो बच्चे संगीत की पढ़ाई करते हैं और शारीरिक रूप से तंदुरुस्त होते हैं, वे अकादमिक पाठ्यक्रमों में भी अच्छा करते हैं।
- गैर-अकादमिक विषयों में प्रतिभा और योग्यता का परिचय देने के लिए छात्रों को अवसरों की आवश्यकता होती है, और इनमें अंग्रेज़ी महत्वपूर्ण कारक नहीं होता।
- बी सी के स्कूल हर व्यक्ति के सभी पहलुओं के विकास के लिए कड़ी मेहनत करते हैं, न कि सिर्फ सीखने वाले के अकादमिक पहलू पर।